JSUNIL TUTORIAL
A CBSE Coaching for Mathematics and Science

NPRX2S3

# संकलित परीक्षा –II(2016-17)
# SUMMATIVE ASSESSMENT – II (2016-17)
# सामाजिक विज्ञान / SOCIAL SCIENCE
## कक्षा – IX / Class – IX

निर्धारित समय : 3 घण्टे
Time allowed : 3 hours

अधिकतम अंक : 90
Maximum Marks : 90

**सामान्य निर्देश :**

(i) इस प्रश्न पत्र में कुल 30 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **अनिवार्य** है।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक लिखे हुए हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 1 से 8 तक के प्रश्न **एक-एक अंक** के हैं। इनके उत्तर **एक शब्द** अथवा **एक वाक्य** में दें।

(iv) प्रश्न क्रमांक 9 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न **3 अंक** का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80 शब्दों** से अधिक नहीं होना चाहिए।

(v) प्रश्न क्रमांक 21 से 28 तक प्रत्येक **प्रश्न 5 अंक** का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120 शब्दों** से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vi) प्रश्न क्रमांक 29 और 30 मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न 3-3 अंक के क्रमशः इतिहास और भूगोल से हैं। उत्तर लिखने के बाद मानचित्र को अपनी उत्तर पुस्तिका के अन्दर रखकर बांध दीजिए।

**General Instructions :**

(i) The question paper has 30 questions in all. All questions are **compulsory**.

(ii) Marks are indicated against each question.

(iii) Questions from serial number 1 to 8 are very short answer type questions. Each question carries one mark.

(iv) Questions from serial number 9 to 20 are 3 **marks** questions. Answer of these questions should not exceed 80 **words** each.

(v) Questions from serial number 21 to 28 are 5 **marks** questions. Answer of these questions should not exceed 120 **words** each.

(vi) Question number 29 and 30 are map questions of 3 **marks** each, from History and Geography respectively. After completion, attach the maps inside your answer book.

## खंड क / SECTION – A

1.1 'घुमंतू चरवाहा' को परिभाषित कीजिए। 1

JSUNIL TUTORIAL

Define the term 'Pastoral Nomads'.

अथवा / OR

1.2 औपनिवेशिक सरकार जंगलों को अनुत्पादक क्यों समझती थी? 1
Why did the Colonial rulers consider forests as unproductive?

अथवा / OR

1.3 औपनिवेशिक शासन के दौरान भारत में अंतर्राष्ट्रीय बाजार के लिए पैदा की जाने वाली किन्हीं दो फसलों की नाम लिखिए। 1
Name any two crops produced in India during colonial period for the world market.

2 एक सींग वाले गैंडे भारत में कहाँ पाये जाते हैं? 1
Where do we find one-horned rhinoceroses in India?

3 'बेगार' शब्द की परिभाषा लिखिए। 1
Define the term 'begar'

4 प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में बराबर जनसंख्या रखने के लिए प्रयास किए जाने का क्या कारण है? 1
What is the reason for making an effort to have equal population in each constituency?

5 राज्यसभा की एक विशिष्ट शक्ति लिखिए। 1
Write one special power of the Rajya Sabha.

6 ऐसे दो ग़रीब व्यक्तियों के उदाहरण दीजिए जिनसे आप दैनिक जीवन में संपर्क में आते हैं? 1
Give two examples of poor people whom you come across in daily life.

7 'गेहूँ क्रांति' शीर्षक से एक विशेष डाक टिकट कब जारी की गयी थी? 1
When was a special stamp entitled 'Wheat Revolution' released?

Downloaded from: http://jsuniltutorial.weebly.com 

JSUNIL TUTORIAL
A CBSE Coaching for Mathematics and Science

8 कितने जिलों में एन. एफ. डब्ल्यू. पी. को लागू किया गया था? 1
In how many districts was NFWP implemented ?

9.1 बीसवीं सदी में चरवाहों द्वारा पारंपरिक पेशा छोड़ने के पश्चात् उनके द्वारा अपनाए गए जीवकोपार्जन के किन्हीं तीन विभिन्न तरीकों को स्पष्ट कीजिए। 3
Explain any three different livelihood practices adopted by the pastoralist in the 20th century, as they left their traditional occupations.

अथवा / OR

9.2 उदाहरण द्वारा यह स्पष्ट कीजिए कि वनीय उत्पादों का व्यापार, भारत के लिए कोई नई बात नहीं थी। 3
Explain with example that trade in forest products was not new to India.

अथवा / OR

9.3 अमेरिका में विशाल मैदानों के बड़े किसानों के लिए मशीनी उपकरणों के किन्हीं तीन लाभों को स्पष्ट कीजिए। 3
Explain any three advantages of the mechanical devices to the big farmers of the Great Plains in America.

10.1 क्रिकेट अन्य खेलों से किस प्रकार भिन्न है? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। 3
How is cricket different from other sports ? Explain with the help of example.

अथवा / OR

10.2 उन्नीसवीं शताब्दी से पूर्व इंगलैण्ड की अनेक महिलाएँ स्त्रीत्व के किन आदर्शों में विश्वास रखती थीं? 3
Which ideas of woman hood did many English woman believe in before the nineteenth century?

Downloaded from: http://jsuniltutorial.weebly.com

JSUNIL TUTORIAL
A CBSE Coaching for Mathematics and Science

11.1 क्रिकेट की लोकप्रियता उपनिवेशों से बाहर क्यों नहीं गई? कोई तीन कारण दीजिए। 3
Why didn't the popularity of cricket go beyond the colonies ? Give any three reasons.

अथवा / OR

11.2 1915 में यूरोप में महिलाओं के पहनावे में कौन–से परिवर्तन किए गए? 3
Which changes were introduced in women's clothing in Europe in 1915 ?

12 सदाबहार वनों के क्षेत्र में पाए जाने वाले जलवायिक दशाओं का वर्णन कीजिए। 3
Describe the climatic conditions of areas of evergreen forests.

13 जनसंख्या में परिवर्तन की तीन प्रक्रियाओं की व्याख्या कीजिए। 3
Explain the three main processes of change in population.

14 "हिमालयी क्षेत्रों में पाए जाने वाले जानवर अपेक्षाकृत कठोर जलवायु को सहन करने वाले होते हैं जो अत्यधिक ठंड में भी जीवित रहते हैं।" उदाहरणों सहित कथन की पुष्टि कीजिए। 3
"The Himalayas harbour a hardy range of animals, which survive in extreme cold". Support the statement with examples.

15 "अभिव्यक्ति की आज़ादी हमारे लोकतंत्र की एक बुनियादी विशेषता है।" कथन को न्यायसंगत ठहराइए। 3
"Freedom of speech is the essential features of our democratic country". Justify the statement.

16 सार्वभौम वयस्क मताधिकार की किन्हीं तीन विशेषताओं को लिखिए। 3
Write any three features of the Universal Adult franchise.

17 राजनीतिक कार्यपालिका स्थायी कार्यपालिका की अपेक्षा अधिक ताकतवर क्यों होती है? कोई तीन कारण दीजिए। 3
Why does the political executive have more powers than the permanent executive? Give any three reasons.

Downloaded from: http://jsuniltutorial.weebly.com 

18 भारत में गरीबी का संक्षिप्त ब्यौरा दीजिए। 3
Give a brief account of poverty in India.

19 1970 के दशक के मध्य में लाए गए महत्वपूर्ण खाद्य अंत:क्षेप कार्यक्रम की सूची बनाइए। 3
List the important food intervention programmes that were introduced in 1970s in India.

20 किन्हीं तीन ऐसे कारकों का उल्लेख कीजिए जो आय की विशाल असमानताओं के लिए उत्तरदायी है। 3
Mention any three factors which are responsible for large income inequalities.

21.1 आधुनिक समय में चरवाहों ने बदलावों का सामना कैसे किया? किन्हीं पाँच कदमों को लिखिए। 5
How have the pastoralists coped with changes in the modern times ? Write any five steps.

अथवा / OR

21.2 "काम के नए अवसरों का मतलब सदैव यह नहीं होता था कि जीवन स्थिति में हमेशा सुधार ही हुआ हो"। कथन को स्पष्ट कीजिए। 5
"New opportunities of work not always mean improved well-being for the people". Explain the statement.

अथवा / OR

21.3 बीसवीं सदी से पूर्व तथा पश्चात्, अमेरिका के भू-दृश्य में कौन-से विशाल परिवर्तन हुए? स्पष्ट कीजिए। 5
American landscape underwent which huge changes before and after the twentieth century ? Explain.

22.1 यह कहना कहाँ तक उचित है कि क्रिकेट बल्लेबाजों का खेल है? स्पष्ट कीजिए। 5
How far is it correct to say that cricket is a batsman's game ? Explain.

Downloaded from: http://jsuniltutorial.weebly.com 

अथवा / OR

22.2 अठारहवीं सदी से पूर्व तथा पश्चात्, यूरोप में वेशभूषा संबंधी परिवर्तन कैसे हुआ? व्याख्या कीजिए। 5
How did the idea of clothing in Europe change before and after the 18th century ? Explain.

23 भारत के चुनाव आयोग की किन्हीं पाँच शक्तियों का वर्णन कीजिए। 5
Write any five powers of Election Commission in India.

24 'इंदिरा साहनी एवम् अन्य बनाम भारत सरकार' मुकदमें की व्याख्या उसके प्रमुख सुधारों के साथ कीजिए। 5
Explain the "Indira Sawhney and others *Vs* Union of India case" along with its major reforms.

25 भारत में व्यापक स्तर पर गरीबी के लिए उत्तरदायी किन्हीं पाँच प्रमुख कारणों को स्पष्ट कीजिए। 5
Explain any five major causes for the wide spread poverty in India.

26 आपदा के दौरान खाद्य सुरक्षा किस प्रकार प्रभावित होता है? 5

How is food security affected during a calamity?

27a दिए हुए भारत के राजनीतिक रेखामानचित्र में A और B पर दो लक्षण चिह्नित किये गए हैं। नीचे दी गयी जानकारी के आधार पर इन लक्षणों की पहचान कर मानचित्र में ही चिह्नित रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए : 3

(A) एक राज्य जहाँ अंग्रेजों ने किसानों को अफ़ीम की खेती करने पर विवश किया।

(B) एक राज्य जहाँ ब्रिटिश सरकार ने अफ़ीम व्यापार पर आधिपत्य जमा लिया था।

उसी मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त संकेत द्वारा दर्शाइये एवं उसका नाम लिखिए :

(C) राजस्थान : जहाँ अफ़ीम का उत्पादन किया जाता था।

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र प्रश्न के स्थान पर हैं :**

(27.1) 'प्लासी की लड़ाई' किस राज्य में हुयी थी?

(27.2) भारत में अफ़ीम की खेती का सम्बन्ध किन दो देशों के पारस्परिक व्यापार से था?

(27.3) किस राज्य के किसानों को अफ़ीम की खेती करने पर विवश किया गया?

Two items A and B are shown in the given political outline map of India.. Identify these items

Downloaded from: http://jsuniltutorial.weebly.com 

with the help of following information and write their correct names on the lines marked on the map.

(A) A state where peasants were forced to grow opium.

(B) A state where British Government gained monopoly to trade in opium.

On the same political outline map of India, locate and label the following item with appropriate symbol.

(C) Rajasthan : a state where opium was being grown.


**Note : The following questions are for the visually impaired candidates only in lieu of map question.**

(27.1) In which state was the 'Battle of Plassey' fought ?

(27.2) The trade between which two countries is linked with the production of opium in India ?

(27.3) Peasants of which state were forced to grow opium ?

Political Map of India



JSUNIL TUTORIAL
A CBSE Coaching for Mathematics and Science

अथवा / OR

27b (a) दिए हुए भारत के राजनीतिक रेखामानचित्र में A और B पर दो लक्षण चिन्हित किये गए हैं। नीचे दी गयी जानकारी के आधार पर इन लक्षणों की पहचान कर मानचित्र में ही चिन्हित रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए : 3

(A) स्थान : जहाँ से भारत में वन प्रबंधन प्रारम्भ किया गया।

(B) राज्य : जहाँ गोण्ड निवास करते हं।

(b) उसी मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त संकेत द्वारा दर्शाइये एवं उसका नाम लिखिए :

(C) राज्य : जहाँ सिद्दु और कानू निवास करते थे।

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र प्रश्न के स्थान पर हैं :**

(27.1) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ अल्लूरी सीताराम राजू निवास करता था।

(27.2) गुण्डा धुर का जन्म स्थान का नाम लिखिए।

(27.3) छोटानागपुर के एक वन समुदाय का नाम लिखिए।

(a) Two items A and B are shown in the given political outline map of India. Identify these items with the help of following information and write their correct names on the lines marked on the map.

(A) A place : from where the forest management started in India.

(B) The state : to which Gonds belong.

(b) On the same political outline map of India, locate and label the following item with appropriate symbol.

(C) State : to which Siddhu Kanu belonged.

**Note : The following questions are for the visually impaired candidates only in lieu of map question.**

(27.1) Name the State to which Alluri Sitarama Raju beloned.

(27.2) Name the Birth place of Gunda Dhur.

(27.3) Name any one forest community of Chhottanagpur.

Downloaded from: http://jsuniltutorial.weebly.com 